दिनांक 13.11.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में अरवल जिलान्तर्गत जिला निबंधन कार्यालय अरवल का निर्माण कार्य (विद्युत कार्य सहित) से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थिति:-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री विनोद चौधरी,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

1	कार्य का नाम	- अरवल जिलान्तर्गत जिला निबंधन कार्यालय अरवल का निर्माण कार्य (विद्युत कार्य सहित)।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹ 3,70,55,000/- (संयुक्त सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग का ज्ञापांक-5222 दिनांक-26.08.2025)।
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹ 3,07,01,200/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-539(नि0) अनु0 दिनांक-25.06.2026)।
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 3,05,05,331/- (असैनिक कार्य) ₹ 46,62,745/- (विद्युत कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 3,51,68,076/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-003698(भ0) 26-27 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-22.05.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 18.05.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 27.07.2026(अधी0अभि0, गयाजी)/30.07.2026 (मु0 अभि0(द0)
9	निविदा प्राप्ति की तिथि	- 14.08.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 17.08.2026
11	**निविदादाता का नाम एवं पता**	-

(1) मे0 दमास सिविल कंसट्रक्सन इंडिया प्रा0 लि0, वार्ड नं0-18, नियर सताम्भ, बिलौटिया, पोखरा, कैमूर, भभुआ (Reg. No.-1240023, Class-I , BCD)।
(2) सुशील कुमार, संबेदक कॉलनी, गैस एजेंसी रोड, पकरी, आरा (Reg. No.-1260050, Class-I , BCD)।
(3) निरज कुमार, कल्पा (Reg. No.-1260092, Class-I , BCD)।
(4) मे0 मेहेंदिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, मेहेंदिया, जयपुर, अरवल (Reg. No.-1240010, Class-I , BCD)।
(5) संस्कृति इन्टरप्राईजेज (Reg. No- REGUCSPL098025000, UDAYAM) ।
(6) अवेडनेक्स प्रा0 लि0, हाजीपुर, वैशाली ।
(7) अलिसा इंजिकॉन, खगौल रोड, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No- 364/2026, Class-I, BPBCC) ।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-

दिनांक 30.09.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए पाँच निविदाकार को सफल किया गया था। तकनीकी बीड के निर्णय पर आपत्ति/परिवाद दर्ज करने हेतु विभागीय वेबसाईट पर दिनांक-06.10.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक रखा गया। निर्धारित समय अवधि में किसी प्रकार की आपत्ति/परिवाद प्राप्त नही हुआ है। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराया गया, जो सही पाया गया है, तद्पोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

कं0 सं0	संवेदक का नाम	निविदा की राशि	उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से)	उद्धृत राशि
1	मे0 दमास सिविल कंसट्रक्सन इंडिया प्रा0 लि0, वार्ड नं0-18, नियर, सताम्भ, बिलौटिया, पोखरा, कैमूर, भभुआ (Reg. No.-1240023, Class-I , BCD)।	₹3,51,68,076/-	6.00 % अधिक	₹ 3,72,78,161/-
2	सुशील कुमार, संबेदक कॉलनी, गैस एजेंसी रोड, पकरी, आरा (Reg. No.-1260050, Class-I , BCD)।		12.97 % कम	₹ 3,06,06,777/-
3	निरज कुमार, कल्पा (Reg. No.-1260092, Class-I , BCD)।		14.99 % कम	₹ 2,98,96,381/-
4	मे0 मेहेंदिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0 मेहेंदिया, जयपुर, अरवल(Reg. No.-1240010, Class-I , BCD)।		4.11 % अधिक	₹ 3,66,13,484/-
5	अलिसा इंजिकॉन, खगौल रोड, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No-364/2026, Class-I, BPBCC) ।		14.96 % कम	₹ 2,99,06,932/-

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार निरज कुमार, कल्पा (Reg. No.-1260092, Class-I , BCD) है।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसाः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार ''निरज कुमार, कल्पा (Reg. No.-1260092, Class-I , BCD)'' को परिमाण-विपत्र की दर से 14.99 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹2,98,96,381/- (दो करोड़ अंठानवे लाख छियानवे हजार तीन सौ एकासी रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

अरवल जिलान्तर्गत जिला निबंधन कार्यालय अरवल का निर्माण कार्य (विद्युत कार्य सहित) के वित्तीय बीड पर दिनांक-06.11.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-	ह0/-
(विकास कुमार पाण्डेय)	(विनोद चौधरी)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता (द0)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त	सचिव,
भवन निर्माण विभाग,	भवन निर्माण विभाग,	-सह- विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
बिहार पटना।	बिहार, पटना।	भवन निर्माण विभाग,	बिहार पटना।
		बिहार पटना।	

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-03-42/2026..2619(S)..... पटना/दिनांक..13/11/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/2026

मुख्य अभियंता (द0)।

E/V/T.F.P./2026- 139